हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 25 जनवरी 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


2 कलेक्टर-एसपी ने फाइनल रिहर्सल का किया निरीक्षण




## खबर संक्षेप

### दण्कारण्य ब्राम्हण समाज के संभागीय इकाई की बैठक आज

**अम्बिकापुर।** दण्डकारण्य ब्राम्हण समाज के संभागीय इकाई की बैठक रविवार को सांडबार स्थित बनेश्वरी मंदिर में सुबह 11 बजे से आयोजित की गई है। समाज के संयोजक पं. दिनेश मिश्र ने बताया कि बैठक के पूर्व विविध धार्मिक आयोजन होंगे। बैठक के पूर्व सुबह 11 बजे सुंदरकांड का पाठ एवं पाठ की पूर्णाहुति उपरांत 11 पुरोहित की शंख ध्वनि एवं स्वस्त वाचन के साथ फरसे की पूजा, आरती होगी। इस दौरान समाज की विधवा महिलाओं को स्वरोजगार के लिए सिलाई मशीन एवं मिक्सर प्रदान किया जाएगा। दोपहर 2 बजे वरिष्ठ सदस्यों के उद्बोधन उपरांत संभागीय इकाई के पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी। आयोजन में संभाग भर के महिला एवं पुरुष सदस्य शामिल होंगे। अपराह्न 3 बजे सामूहिक भोजन उपरांत कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

### अजिरमा में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**अम्बिकापुर।** प्रधान मंत्री के मन की बात को सुनने की तैयारी सरगुजा के बूथों में की गई तथा हर केंद्र में अतिथि नियुक्त किए गए है। पीएम की मन की बात प्रसारण पंचायत भवन, अजिरमा में किया जाएगा। इस दौरान निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया की पहल पर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में निःशुक्ल परामर्श तथा बीपी, शुगर, थायराइड एवं महिला रोगों की जांच की जाएगी। शिविर 25 जनवरी को सुबह 10.45 बजे से शाम 3 बजे तक संचालित किया जाएगा।

### नोडल प्राध्यापक स्वीप एवं कैम्पस एम्बेसडर का होगा सम्मान

**अम्बिकापुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के क्षेत्र एवं विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले नोडल प्राध्यापक स्वीप एवं कैम्पस एम्बेसडर को सम्मानित किया जाना है। यह सम्मान समारोह 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी चयनित नोडल प्राध्यापक स्वीप एवं कैम्पस एम्बेसडर को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इस हेतु उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने शासकीय अशासकीय महाविद्यालय एवं संस्थानों के प्राचार्यों को पत्र जारी कर अपने संस्थान के नोडल प्राध्यापक स्वीप एवं कैम्पस एम्बेसडर की 25 जनवरी को प्रातः 11.30 बजे जिला पंचायत सभा कक्ष अम्बिकापुर में उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा है।

### गणतंत्र दिवस पर शुष्क दिवस घोषित

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग रायपुर द्वारा जारी आदेशानुसार गणतंत्र दिवस, 26 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने उक्त दिवस में जिले के समस्त देशी-विदेशी मदिरा दुकानें को बंद रखने के निर्देश दिये है। इस दिन मदिरा का विक्रय, परिवहन एवं सेवन पूर्णतः बंद रहेगा।

### चांदनी चौक के समीप हुई घटना, पुरानी रंजिश का मामला

# शहर में दिनदहाड़े चाकूबाजी की घटना, पेट में चाकू मारकर फरार हुए तीन युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- दो घंटे तक ऑपरेशन के बाद बचाई गई युवक की जान

शहर में चाकूबाजी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। चाकूबाजी की घटना में अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है जबकि एक बार फिर आपराधिक किस्म के लोगों ने आपसी विवाद पर युवक को चाकू मार दिया। आरोपियों ने युवक के पेट में सीधे चाकू से हमला किया इस दौरान चाकू युवक के पेट में ही फंस गया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां आनन फानन में चिकित्सकों ने ऑपरेशन किया। लगभग दो घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद चाकू को निकाल लिया गया है और फिलहाल युवक की हालत स्थिर बताई जा रही है।

बताया जा रहा है कि शहर के बौरीपारा निवासी रितिक जायसवाल घूम-घूमकर कपड़ा बेचने का काम करता है। रितिक शनिवार को अपने दोस्त आनंद गुप्ता के साथ चाय सिगरेट पीने के लिए शहर के चांदनी चौक पेट्रोल पंप के समीप एक दुकान में गया हुआ था। इसी दौरान तीन अन्य युवक भी दुकान में पहुंचे थे। आरोप है कि है दुकान में आए युवकों ने विवाद शुरू कर दिया। आरोपी अपने साथ फाइटर व अन्य हथियार लेकर आए थे और विवाद के दौरान उनमें से एक युवक ने रितिक जायसवाल पर बड़े से धारदार चाकू से हमला कर दिया। आरोपी ने चाकू को सीधे युवक के पेट में उतार दिया। चाकू पेट में जाने के बाद अंदर ही फंस गया और बाहर नहीं निकल पाया जिसके बाद आरोपी मौके से भाग निकले। दिनदहाड़े युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस घटना के बाद आनन फानन में युवक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराने के साथ ही घटना की सूचना परिजन को दी गई। बड़ी बात यह है कि शहर में चाकू बाजी की यह पहली घटना नहीं है। दशहरा के दिन शहर में चाकू मारकर प्रेमी ने युवती की हत्या कर दी जबकि इसी दिन एक अन्य युवक पर महामाया मंदिर के समीप चाकू से हमला किया गया। 10 जनवरी को युवती समेत तीन लोगों ने मिलकर एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। वहीं अब चौथी बार किसी युवक पर चाकू से जानलेवा हमला किया गया है।



ऑपरेशन करते चिकित्सक, इनसेट में घायल युवक।

### सीसीटीवी में कैद हुई घटना

चाय दुकान में चाकूबाजी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फिलहाल इस घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है लेकिन संभावना जताई जा रही है कि पुरानी रंजिश को लेकर वारदात को अंजाम दिया गया है। घायल युवक के भाई रौशन जायसवाल और साथी आनंद गुप्ता का आरोप है कि आरोपी हथियार के साथ आए थे। इस दौरान उनमें से किसी ने अचानक ही बड़ा सा चाकू निकालकर हमला कर दिया। आरोप है कि वारदात को अंजाम देने वालों में भाजपा नेता का भतीजा बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद आरोपी फरार बताए जा रहे है और पुलिस अधिकारी जल्द ही आरोपियों के गिरफ्तारी की बात कह रहे है।

### लीवर तक पहुंच गया था चाकू

बड़ी बात यह है कि घटना में जिस चाकू का उपयोग किया गया उसका उपरी हिस्सा आरी के सामान है जिससे चाकू अंदर जाकर किसी स्थान पर फंस गया। घटना के बाद चाकू को पकड़कर अस्पताल पहुंचा। युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चिकित्सकों की टीम ने तत्काल ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। इस दौरान शल्य चिकित्सा विभाग के डॉ. मनोज भारती के नेतृत्व में डॉ. आनंद कुमार एवं डॉ. इंद्रनील व निश्चेतना विभाग से डॉ. दीपा, डॉ. अभिजीत की टीम ने ऑपरेशन किया। चिकित्सकों ने लगभग दो घंटे के ऑपरेशन के बाद चाकू को बाहर निकाला। चाकू युवक के पेट में लीवर तक पहुंच गया था और लीवर में चाकू से 3 बाई 2 सेमी का घाव बना। चाकू के बाहर नहीं निकलने और आरीनुमा चाकू होने के कारण युवक को अंदरूनी रक्तस्राव हुआ है। चिकित्सकों का कहना है कि युवक के अंदर से लगभग एक लीटर खून बाहर निकाला गया। वहीं चिकित्सकों के अनुसार यदि युवक को अस्पताल पहुंचने में आधे घंटे की देरी होती तो उसकी जान जा सकती थी। फिलहाल मरीज की हालत सामान्य बताई जा रही है।

### चल रही है तलाश

इस घटना में घायल युवक का उपचार चल रहा है। इसके साथ ही सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आरोपियों की तलाश चल रही है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

-अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी



आरोपी से पूछताछ करते पुलिस अधिकारी।

# सनकी युवक ने पत्नी की गला दबाकर कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- बीमारी से परेशान होने का दिया हवाला, खुद नहीं कर पाया आत्महत्या

सनकी युवक ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। महिला की लाश गन्ना बाड़ी में मिली। हैरानी की बात तो यह है कि आरोपी ने हत्या के बाद आत्महत्या की योजना बनाई थी लेकिन बाद में उसका मन बदल गया। आरोपी ने अपने बीमार होने का बहाना बनाया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम मुरका जिगड़ी पारा निवासी महिला 30 वर्षीय राम दिल आयाम उर्फ मिथुन आ. रंगिया पत्नी 30 वर्षीया फरहारो व 3 व 8 वर्ष के दो बच्चों के साथ रहता था। इस बीच 20 जनवरी को पुलिस को सूचना मिली रामदिल आयाम ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी और फिर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद देर रात पुलिस टीम मौके पर पहुंची जिसके बाद गांव में मौजूद गन्ना बाड़ी से महिला की लाश बरामद की गई। पुलिस ने लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही घटना की जांच शुरू की। इस दौरान पुलिस ने आरोपी राम दिल आयाम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि वह लम्बे समय से पेट दर्द, हाथ पैर के दर्द से परेशान था और लगातार इलाज के बाद भी उसके स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो रहा था। इस दौरान उसने पत्नी के साथ मरने की योजना बनाई। आरोपी ने पहले पत्नी की हाथ व पैर से गला दबाकर हत्या कर दी लेकिन फिर खुद आत्महत्या नहीं कर पाया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# शहर में स्टंटबाजी और हुड़दंग मचाने वालों पर कार्रवाई, आठ वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सीसीटीवी फुटेज से की गई पहचान, आधा दर्जन से अधिक वाहनों की चल रही तलाश

शहर में कार से उत्पात मचाने और स्टंट बाजी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में अब तक आठ वाहनों को जब्त किया है। इसके साथ ही इन वाहनों के चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया की जा रही है। वहीं पुलिस इस रैली में शामिल अन्य वाहनों की तलाश कर रही है।

बता दें कि 23 जनवरी को शहर में एक राजनैतिक कार्यक्रम के बाद दर्जनों की संख्या में युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। युवकों ने शहर में रैली निकाली और जमकर स्टंटबाजी की। आरोपियों ने शहर के प्रमुख चौक चौराहों, व्यस्त मार्गों पर स्कार्पियो, इनोवा, व अन्य चार पहिया वाहनों की खिड़कियों पर बैठकर स्टंट किया और हूटिंग की। युवकों के इस उत्पात से ना सिर्फ यातायात प्रभावित हुआ बल्कि लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। युवकों के उत्पात और स्टंट बाजी का वीडियों कुछ ही देर में शोसल मीडिया में वायरल हो गया। बड़ी बात यह है कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान शहर में इस तरह हुडदंग करने और यातायात नियमों की अवहेलना की गई। चौक चौराहों पर मौजूद पुलिस भी इन उत्पातियों को रोक नहीं पाई जिसके बाद पुलिस की कार्यशैली सवालों के घेरे में आ गई थी। शहर में युवकों द्वारा किए गए हुडदंग की घटना को एसएसपी व डीआईजी राजेश अग्रवाल ने गंभीरता से लिया और कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। एसएसपी के निर्देश पर एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वाहनों की पहचान की। रैली में शामिल वाहन क्रमांक सीजी 29 एसी 1487, सीजी 15 सीजेड 4967, सीजी 1ईए 5881, सीजी 15 ईबी 4743, सीजी 15 ईएफ 9972, जेएच 01 बीके 3109, सीजी 15 इएच 5881, सीजी 15 ईजी 3141, सीजी 15 ईजे 3345, बीआर 06 डीसी 7751, सीजी 15 ईएच 2824, यूपी 67 के 4546, सीजी 15 सीजेड 4868 व अन्य वाहनों व उनके चालकों की पहचान चौक चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर की गई। इसके साथ ही पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए बीएनएस की धारा 125, 281, 285, 3 (5) एवं धारा 184 मोटरयान अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया। अब तक की गई कार्रवाई में पुलिस ने इनोवा वाहन क्रमांक सीजी 15 ईएच 2824, इनोवा वाहन क्रमांक ⏭ शेष पेज 4 पर



# क्षेत्र में अवैध रूप से लकड़ी कटाई जोरो पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- वन विभाग ने ट्रक समेत अवैध लकड़ी किया जब्त

बिना अनुमति के क्षेत्र में इमरती लकड़ी की अवैध कटाई जोरो पर है। क्षेत्र में मौजूद अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्करों के गिरोह बेखौफ होकर अवैध रूप से लकड़ी कटाई कर उसे पड़ोसी राज्यों में खपा रहे है। क्षेत्र में सक्रिय लकड़ी तस्करों को राजनीति संरक्षण भी प्राप्त है जिसकी वजह से इनके द्वारा क्षेत्र में लकड़ी की अवैध कटाई धड़ल्ले से किया जा रहा है। बिना अनुमति के क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहे लकड़ी की अवैध कटाई एवं ढुलाई पर विगत दिनों वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। मुखबिर की सूचना पर वन विभाग ने तस्करों द्वारा कटाई के बाद पड़ोसी राज्य में खपाने ले जा रहे अवैध लकड़ी समेत ट्रक को जब्त किया है। जब्त लकड़ी की कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी अनुसार क्षेत्र में सक्रिय अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर बिना प्रशासनिक अनुमति के पेड़ों की कटाई कर ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीसी 9203 द्वारा उसे पड़ोसी राज्य में खपाने ले जा रहे थे। इसी दौरान वन विभाग ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी करते हुए नेशनल हाईवे क्रमांक 43 में बतौली के पास ट्रक को रोका और लकड़ी से संबंधित दस्तावेज मांगे। ट्रक चालक ने वाहन में लोड लकड़ी से संबंधित मांगे गए एक भी वैध दस्तावेज वन विभाग के अधिकारियों के समक्ष पेश नही कर पाया। चालक के पास न तो पेड़ कटाई की अनुमति के कागज थे और न ही संबंधित विभाग द्वारा जारी किया गया टीपी पास था। लकड़ी से संबंधित वैध दस्तावेज के अभाव में वन विभाग ने लकड़ी समेत ट्रक को जब्त करते हुए वन परिक्षेत्र कार्यालय सीतापुर ले आई। वन विभाग के अधिकारियों द्वारा जब जब्त ट्रक की तलाशी ली गई तो उसमें नीलगिरी का 35 नग लट्ठा एवं शीशम का 31 नग लट्ठा लोड था। जिसे लकड़ी तस्कर बिना प्रशासनिक अनुमति के कटाई कराने के बाद उसे पड़ोस राज्य में खपाने ले जा रहे थे वे अपने मंसूबे में कामयाब हो पाते इससे पहले वन विभाग ने ट्रक को जब्त करते हुए उनके अरमानों पर पानी फेर दिया।

इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी विजय कुमार तिवारी ने बताया कि इस मामले में भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52(1), 33(1), 41 एवं छग वनोपज नियम 2001 की धारा 4 की उपधारा 2 के (ग) के तहत कार्रवाई की गई है। प्रकरण की विवेचना जारी है विवेचना के बाद वन अपराध प्रकरण प्रस्तुत किया जाएगा।






## खबर संक्षेप

### किसान सेवा समिति की बैठक आज

**सोनहत।** किसान सेवा समिति का गठन शनिवार को 11 बजे पुराने बाजार स्थल में किया जा रहा है। किसान सेवा समिति से जुड़े प्रमुख निर्मल जायसवाल, बंशजीवन, विजय गुरूजी के अलावा विभिन्न ग्राम के किसानों ने जानकारी देते हुए बताया कि आहुत बैठक में किसानों के विभिन्न समस्याओं के निराकरण एवं उनके आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपेक्षित पहल किए जाने संगठित हो मांग को बुलंद करने के के लिए किसान सेवा समिति का आरंभिक गठन किया का रहा है। गठन पश्चात ग्राम पंचायत स्तर पर पहुंच कर एवं हर साप्ताहिक बाजार में पहुंचकर किसानों के सहयोग के लिए पहल किसान समिति स्तर करने सतत प्रयासरत रहेगी।

### एलोपैथिक औषधि की मिलावट, बिक्री पर रोक

**बैकुण्ठपुर।** आयुर्वेदिक औषधि फास्टेक शुगर नाशक चूर्ण में एलोपैथिक दवा की मिलावट पाए जाने के बाद प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। संबंधित औषधि के बैच नंबर 114 की बिक्री पर कोरिया जिले में तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। जानकारी के अनुसार उक्त आयुर्वेदिक दवा का नमूना 17 जनवरी 2025 को तत्कालीन औषधि निरीक्षक सह जिला आयुष अधिकारी रायगढ़ द्वारा जांच के लिए संकलित किया गया था। नमूने की जांच ड्रग्स टेस्टिंग लेबोरेटरी एवं अनुसंधान केन्द्र, रायपुर के शासकीय विश्लेषक द्वारा की गई। इसमें औषधि में एलोपैथिक दवा मेटफॉर्मिन की मिलावट पाई गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर उक्त औषधि को नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी घोषित किया गया है। इसके बाद कोरिया जिले में भी इस औषधि के विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन

**बैकुण्ठपुर।** जिले के किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर



गोंडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा 29 जनवरी को जिला मुख्यालय में किसान हुंकार रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस संबंध में गोंगपा के जिला अध्यक्ष राजा राम जांता ने कलेक्टर को आम सभा रैली को लेकर सूचना दे दी है। मिली जानकारी के अनुसार गोंडवाना गणतंत्र पार्टी कोरिया द्वारा आगामी 29 जनवरी को एक दिवसीय रैली व धरना प्रदर्श एवं आम सभा जिला मुख्यालय में अयोजित की जाएगी। इसके लिए उक्त दिवस गोंगपा के पदाधिकारी के साथ काफी संख्या में किसान सुबह निर्धारित समय पर शहर के प्रेमाबाग क्षेत्र में एकत्र होंगे और रैली निकालकर कुमार चौक पहुंचेंगे। यहां आम सभा आयोजित की जाएगी, इसके बाद अपरान्ह किसानों के विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जानकारी के अनुसार किसानों की प्रमुख मांगों के किसानों से लिया गया हमाली का पसा वापस किया जाए। धान खरीदी केन्द्रों में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई किया जाए, धान खरीदी का अवधि समय-सीमा बढ़ाया जाए, छूटे हुए किसानों का रकबा जोड़ा जाए।

## आमाखेरवा ग्राउंड में होगा जिला स्तरीय आयोजन

# कलेक्टर-एसपी ने फाइनल रिहर्सल का किया निरीक्षण





गणतंत्र दिवस समारोह की अंतिम रिहर्सल में उपस्थित कलेक्टर डी. राहुल वेंकट, पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह व छात्रा वंदना सिंह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिले में गणतंत्र दिवस समारोह की भव्य और गरिमामय तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से शनिवार को आमाखेरवा ग्राउंड, मनेन्द्रगढ़ में परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अंतिम रिहर्सल का व्यापक निरीक्षण किया गया।

कलेक्टर डी. राहुल वेंकट एवं पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह ने संयुक्त रूप से रिहर्सल का अवलोकन कर कार्यक्रम से जुड़ी प्रत्येक व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की। इस अवसर पर जिले की कक्षा 10 वीं की टॉपर छात्रा वंदना सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल में सहभागिता कर कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह ने परेड की सलामी ली तथा परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त कर परेड की तैयारी, अनुशासन और तालमेल का जायजा लिया। रिहर्सल के दौरान विभिन्न परेड टुकड़ियों ने अपने-अपने अभ्यास का प्रदर्शन किया, वहीं स्कूली बच्चों ने गणतंत्र दिवस समारोह में प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल पूरे उत्साह, अनुशासन और समर्पण के साथ संपन्न की। बच्चों की प्रस्तुतियों में देशभक्ति की भावना और सांस्कृतिक विविधता की झलक स्पष्ट दिखाई दी।

- **रिंहसल में 10 वीं की टापर वंदना बनी मुख्य अतिथि**

कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने मुख्य समारोह स्थल पर बैठक व्यवस्था, मंच निर्माण, बैरिकेडिंग, सुरक्षा प्रबंध, सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि आगामी वर्षों में जिले में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस में विशेष अतिथि के रूप में किया जाएगा।

### गणतंत्र दिवस की तैयारी पूर्ण

**सोनहत।** मुख्यालय सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं दूर-दराज के विद्यालयों में गणतंत्र दिवस की तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई हैं। मुख्यालय स्तर पर विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार गणतंत्र दिवस के अवसर पर निर्धारित समय पर ध्वजारोहण, राष्ट्रगान तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए संबंधित विभागीय अमला पूरे उत्साह के साथ अंतिम तैयारियों में जुटा हुआ है। कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित एवं गरिमामय बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# सोनहत जनपद पंचायत प्रदेश में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले की वनांचल क्षेत्र स्थित जनपद पंचायत सोनहत ने मनरेगा के तहत एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सोनहत जनपद पंचायत ने पंजीकृत श्रमिक परिवारों की शत प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। यह पूरे प्रदेश की पहली जनपद पंचायत बन गई है, जहां मनरेगा के सभी पंजीकृत श्रमिक परिवारों का ई-केवाईसी कार्य पूरा हो चुका है।





- **मनरेगा श्रमिकों की 100 प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण**

मनरेगा से बीवीजी रामजी योजना की ओर बढ़ते हुए, योजनाओं में पारदर्शिता लाने और तकनीकी उपयोग को सशक्त करने के उद्देश्य से यह प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इसके अंतर्गत मनरेगा में पंजीकृत प्रत्येक श्रमिक परिवार के सभी सदस्यों का आधार आधारित ई-केवाईसी किया जा रहा है, जिससे ऑनलाइन पोर्टल पर आधार अनुसार दैनिक उपस्थिति दर्ज की जा सके। कोरिया जिले में लगभग 90 हजार पंजीकृत श्रमिक हैं। इनमें से जनपद पंचायत सोनहत अंतर्गत 23,273 पंजीकृत श्रमिकों के आधार कार्ड उपलब्ध थे।

इन सभी श्रमिकों का ई-केवाईसी कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार प्रदेश की 146 जनपद पंचायतों में ई-केवाईसी अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें सोनहत जनपद पंचायत ने सबसे पहले लक्ष्य पूर्ण कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर कार्यक्रम अधिकारी प्रतीक जायसवाल ने बताया कि शत प्रतिशत ई-केवाईसी के लिए पूर्व नियोजित कार्ययोजना बनाकर ग्राम पंचायत स्तर पर लगातार निगरानी की गई।

# कोयला मंत्रालय के अपर सचिव ने किया गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिले के हसदेव क्षेत्र में स्थित गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क को उस समय विशेष महत्व मिला जब कोयला मंत्रालय भारत सरकार के अपर सचिव हिटलर सिंह हसदेव एरिया की कोल माइंस के निरीक्षण प्रवास के दौरान फॉसिल्स पार्क पहुंचे।

- **फॉसिल्स पार्क के संरक्षण और विकास को मिला समर्थन**

पार्क आगमन पर पुरातत्व एवं पर्यटन विभाग के जिला नोडल अधिकारी डॉ. विनोद पांडे ने उनका स्वागत किया। दौरे के दौरान अपर सचिव ने गहरी जिज्ञासा और व्यक्तिगत रुचि के साथ गोंडवाना मरीन फॉसिल्स पार्क के ऐतिहासिक, वैज्ञानिक और पर्यटन महत्व की जानकारी ली। डॉ. पांडे ने तथ्यात्मक रूप से बताया कि यह पार्क लगभग 29 करोड़ वर्ष पुराने गोंडवाना कालीन समुद्री जीवाश्मों का अनूठा साक्ष्य है, जो न केवल छग बल्कि पूरे देश की भू-वैज्ञानिक विरासत को दशार्ता है। उन्होंने फॉसिल्स पार्क के अंतर्गत विकसित कैक्टस गार्डन और इंटरप्रिटेशन बिल्डिंग का भी भ्रमण कराया, जहां जीवाश्मों से जुड़ी जानकारी को आमजन और शोधार्थियों के लिए सरल एवं आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया गया है।



# कोरिया जिले के सिद्धांत राज्य स्तर पर सम्मानित

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के मेधावी छात्र सिद्धांत सिंह, आत्मज प्रकाश कुमार सिंह को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के लिए प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के कर- कमलों से सम्मानित किया गया। सिद्धांत सिंह आदर्श सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर के विद्यार्थी हैं। उन्होंने छग माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2024 में प्रावीण्य सूची में छठवां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, शिक्षकगण एवं अभिभावकों में हर्ष और गर्व का माहौल है।

- **राज्यपाल व सीएम के हाथों सम्मान पाकर छात्र व परिजन गदगद**



उल्लेखनीय है कि कोरिया जिले में विगत दो वर्षों से जिला प्रशासन के निर्देशानुसार शिक्षा विभाग द्वारा मिशन का सफल संचालन किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। वर्ष 2025 में कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत रहा, जिससे जिले को राज्य में चौथा स्थान, वहीं कक्षा 12 वीं में 93 प्रतिशत परिणाम के साथ राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। मिशन के प्रभाव से जिले में शिक्षा का स्तर निरंतर बेहतर हो रहा है। वर्तमान सत्र में भी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सिद्धांत सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं व्यवस्थापक रामकिंकर पाण्डेय, प्राचार्या श्रीमती सरस्वती तिवारी, प्रधानाचार्य अम्बरीश प्रसाद शुक्ल, कक्षाचार्य बसंत कुमार श्रीवास सहित समस्त विद्यालय परिवार इस उपलब्धि से गौरवान्वित है।

# पुल निर्माण के लिए 5 करोड़ 12 लाख की प्रशासकीय मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

खड़गवां जनपद के ग्राम पंचायत बेलबहरा से ग्राम लालपुर मार्ग पर सुखाड़ नाला पर पुल निर्माण के लिए 5 करोड़ बारह 12 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति लोक निर्माण विभाग द्वारा मनेन्द्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दी गई है।



इस परियोजना से क्षेत्रवासियों को मनेन्द्रगढ़ मुख्यालय की स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा साथ ही खड़गंवां और बैकुंठपुर की दूरी भी घटेगी। पुल निर्माण से क्षेत्र की कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार होगा। इसके पूरा होते ही पेंड्रा गौरेला मरवाही जिला नजदीक हो जाएगा, जिससे आवागमन सुगम बनेगा।

वर्तमान में इस मार्ग पर नियमित परिवहन सुविधा नहीं होने के कारण लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, लेकिन पुल बनने के बाद बस सेवा शुरू होने की संभावना बढ़ेगी। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरूण साव को मनेन्द्रगढ़ की समस्त जनता की तरफ से आभार व्यक्त किया है।

### शेड निर्माण कार्य का नपाध्यक्ष ने किया लोकार्पण

**बैकुण्ठपुर।** नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के वार्ड क्रमांक 19 जूनापारा में लाखों की लागत से निर्मित शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 19 में नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर द्वारा अधोसंरचना मद से 11 दशमलव 25 लाख रूपए की लागत से देवल्ला के पास शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण नपाध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे द्वारा किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता नपा उपाध्यक्ष आशीष यादव एवं वार्ड पार्षद श्रीमती रीमा जायसवाल ने की। नवनिर्मित शेड का लोकार्पण विधिवत पूजन अर्चना कर किया गया। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश शिवहरे, वार्ड क्रमाक 19 पार्षद श्रीमती रीमा जायसवाल, पार्षद अनिल खटीक, अनिल शर्मा, अरविंद सिंह, महेन्द्र वेद, सुरेन्द्र चक्रधारी, अवधेश सिंह, सीएमओ संजय दुबे, विजेन्द्र जायसवाल, उप अभियंता अनामिका एक्का, रजनीश गुप्ता, रिचेश सिंह, अभय दुबे, समीर जायसवाल, किशोरी गुप्ता,अवधेश यादव, चुन्नु कश्यप,अजय ठाकुर,अनुराग ,शिशिर जायसवाल, अमित , सजल जायसवाल, सेवकराम , संजू, राजेन्द्र , सुदामा , मोहेलाल राजवाड़े ,सोभनाथ , विष्णु , हरदयाल सारथी, ललन , भोले , राकेश , गुड्डा कश्यप, राजेश, राजू जायसवाल सहित काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

### प्रत्येक ग्राम में कल होगा उल्लास मेला

**बैकुण्ठपुर।** 26 जनवरी को संपूर्ण राज्य में उल्लास मेलों का आयोजन किया जाएगा। कोरिया के प्रत्येक ग्राम में भी उल्लास मेला आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन संबंधित ग्राम में संचालित शीर्ष शैक्षणिक संस्था के परिसर में किया जाएगा। उल्लास मेले का उद्देश्य नवसाक्षर एवं सर्वेक्षण के माध्यम से चिन्हित नए साक्षर नागरिकों को साक्षरता के प्रति जागरूक करना तथा उनके द्वारा अर्जित ज्ञान का व्यवहारिक उपयोग सुनिश्चित करना है। मेले में शैक्षणिक गतिविधियों एवं स्टॉलों के माध्यम से पठन-लेखन, गणनात्मक ज्ञान, जीवनोपयोगी कौशल एवं डिजिटल साक्षरता से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएगी। मेले के दौरान सायं 5 बजे मेला स्थलों पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा जिला कोरिया को शत-प्रतिशत साक्षर बनाने के लिए संचालित सर्वेक्षण कार्य की औपचारिक घोषणा की जाएगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सभी के लिए शिक्षा के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए अभियान क्रियान्वित किया जा रहा है।

## देशभर की टीम पहुंचती है चरचा कॉलरी

# 50 वां शेषन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट 3 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

एसईसीएल क्षेत्र में खेल प्रेमियों के लिए एक गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक अवसर आने वाला है। अखिल भारतीय 50 वां शेषन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन इस वर्ष स्वर्ण जयंती समारोह के रूप में भव्य स्तर पर किया जा रहा है।

यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता पिछले 5 दशकों से भारतीय फुटबॉल को नई पहचान देने के साथ-साथ देशभर की उभरती खेल प्रतिभाओं को राष्टीय मंच प्रदान करती आ रही है। बैकुंठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक बीएन झा ने जानकारी देते हुए बताया कि 50 वें शेषन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ 3 फरवरी से किया जाएगा। प्रतियोगिता 12 दिनों तक लगातार चलेगी तथा 14 फरवरी वैलेंटाइन डे के अवसर पर फाइनल मुकाबले के साथ इसका भव्य समापन होगा। स्वर्ण जयंती वर्ष को देखते हुए आयोजन को पहले से कहीं अधिक भव्य, आकर्षक और यादगार बनाने की तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन समिति एवं एसईसीएल प्रबंधन द्वारा मैदान की साज-सज्जा, खिलाड़ियों के ठहरने एवं भोजन की समुचित व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन तथा दर्शकों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इस अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता में छग, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, ओडिशा, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, पंजाब सहित देश के विभिन्न राज्यों की मजबूत और नामचीन टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ-साथ युवा प्रतिभाएं भी अपने कौशल, रणनीति और खेल भावना का प्रदर्शन करेंगी, जिससे दर्शकों को रोमांचक और उच्च स्तरीय मुकाबले देखने को मिलेंगे। शेषन स्मृति गोल्ड कप केवल एक फुटबॉल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि यह खेल संस्कृति, अनुशासन, भाईचारे और राष्टीय एकता का प्रतीक बन चुका है।



निरीक्षण करते महाप्रबंधक बीएन झा।



## खबर संक्षेप



### एसएसपी राजेश अग्रवाल को कॉलर बैच लगाकर दी गई डीआईजी के पद पर पदोन्नति

**अंबिकापुर।** राज्य सरकार ने एसएसपी राजेश अग्रवाल को डीआईजी के पद पर पदोन्नति प्रदान की है। पदोन्नति उपरान्त सरगुजा आईजी दीपक झा ने कॉलर बैच लगाकर श्री अग्रवाल को डीआईजी के पद पर पदोन्नत किया। बता दें कि 23 जनवरी को राज्य सरकार ने 2012 बैच के आईपीएस अधिकारियों को आवंटन वर्ष से 14 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर मैट्रिक्स लेवल 13 का वेतनमान प्रदान किया है। इसी क्रम में सरगुजा एसएसपी राजेश कुमार अग्रवाल को भी डीआईजी के पद पर पदोन्नति दी गई है। आदेश जारी होने के बाद एसएसपी आईपीएस राजेश कुमार अग्रवाल को आईजी सरगुजा दीपक झा ने कॉलर बैच लगाकर पदोन्नति प्रदान की। राजेश कुमार अग्रवाल वर्तमान मे सरगुजा जिले में एसएसपी के पद पर पदस्थ है, इस दौरान जिले में अपराधों के रोकथाम, निराकरण के दिशा में सराहनीय कार्य किया गया है। डीआईजी व एसएसपी राजेश कुमार अग्रवाल पूर्व मे जिला रायगढ़ जशपुर सूरजपुर बलरामपुर और कवर्धा मे पुलिस अधीक्षक के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके है। सराहनीय सेवा हेतु डीआईजी व एसएसपी राजेश कुमार अग्रवाल को राष्ट्रपति का सराहनीय सेवा पदक से नवाजा जा चुका है।

### भोर तक डीजे बजाकर मचाया उत्पात, दो गिरफ्तार



**अंबिकापुर।** देर रात डीजे बजाकर उत्पात मचाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने पिकअप वाहन समेत डीजे को जब्त किया है। इसके साथ ही दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बचवार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में कुछ लोगों द्वारा पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 67 सीटी 1734 में डीजे बजाकर उत्पात मचा रहे थे जिससे लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। आरोपियों ने पूरी रात और भोर में 5 बजे तक जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जब डीजे संचालक से अनुमति आदेश मांगा तो वे कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। ऐसे में पुलिस ने शंकरगढ़ लडुवा निवासी 22 वर्षीय नीरज कुमार आ. हरवंश राम, 21 वर्षीय लक्ष्मण आ. रामू पनिका को गिरफ्तार करने के साथ ही डीजे साउण्ड 10 नग, आडियो टोन मशीन 3 नग, मिक्सर 1 नग, डिस्को लाईट 8 नग, जनरेटर 1 नग व पिकअप वाहन को जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 15 कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

## पेज 1 के शेष...

### शहर में स्टंटबाजी और हुड़दंग...

यूपी 81 बीवाई 7272, इनोवा वाहन क्रमांक यूपी 65 डीटी 5162, स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 15 सीवी 2248, स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 15 डीसी 6274, स्कार्पियो वाहन क्रमांक जेएच 01 सीडी 5513, स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 29 ए 4508, अर्टिगा वाहन क्रमांक जीसी 15 ईएफ 9972 को जब्त किया गया है और वाहनों के चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जा रही है जबकि अन्य वाहनों की तलाश की जा रही है। वहीं सरगुजा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अभिभावक अपने बच्चों को बिना लाइसेंस के वाहन चलाने के लिए ना दें। इसके साथ ही वाहन चालक को वाहनों पर बैठकर रील बनाते है अथवा प्रदर्शन करने के लिए स्टंट करते है उनपर पुलिस द्वारा सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। वाहनों को जब्त करने के साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस को निरस्त किया जाएगा।

### विवि के पुराने परीक्षा एवं गोपनीय विभाग में हो रहा कक्षाओं का संचालन

# दशकों बाद एसजीजीयू के फार्मेसी विभाग को मिला अपना भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- लैब में मिलेगी प्रायोगिक कार्यों की सुविधा

वर्षों से भवन की समस्या से जूझ रहे एसजीजीयू शिक्षण विभाग अंतर्गत संचालित फार्मेसी विभाग को विवि प्रबंधन ने पर्याप्त उपलब्ध कराया है। फार्मेसी विभाग का संचालन विवि के पुराने भवन में स्थित परीक्षा एवं गोपनीय शाखा में किया जा रहा है। नए भवन में पहली बार विभाग का अत्याधुनिक लैब भी बनाया गया है।

गुरू घासीदास विवि द्वारा वर्ष 2005 में सरगुजा परिसर के रूप में फार्मेसी विभाग की स्थापना की गई थी। परिसर का अपना भवन नहीं होने के कारण स्थापना काल से ही विभाग का संचालन उधार के भवन में हो रहा था। वर्ष 2008 में सरगुजा विवि की सथापना होने पर विवि प्रबंधन ने फार्मेसी विभाग से शिक्षण विभाग की शुरूआत की। प्रारंभ में विभाग द्वारा डिप्लोमा पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा था। एसजीजीयू द्वारा फार्मेसी काउंसिल से मान्यता लेने के उपरांत वर्षों से डिप्लोमा के साथ ही स्नातक पाठ्यक्रम का संचालन वर्षों से किया जा रहा है। दोनों पाठ्यक्रमों में 30-30 सीटें स्वीकृत हैं तथा हर साल दोनों पाठ्यक्रमों की सीटें भर भी जाती हैं लेकिन भवन के अभाव में कक्षाओं के संचालन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा था। स्वयं का भवन नहीं होने के कारण वर्षों तक फार्मेसी विभाग का संचालन उधार के संकरे भवनों में होता रहा। पिछले कुछ सालों से फार्मेसी विभाग का संचालन प्रतीक्षा बस स्टैण्ड के निकट एक शासकीय भवन के दो कमरों में हो रहा था। इसके पूर्व लम्बे समय तक विभाग का संचालन राजमोहिनी देवी कन्या महाविद्यालय भवन, राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय, लखनपुर स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज भवन एवं ग्राम पंचायत भकुरा स्थित विवि के निर्माणाधीन परिसर में किया गया था। लम्बे अर्से बाद विवि प्रबंधन ने एसजीजीयू के पुराने प्रशासनिक कार्यालय भवन में संचालित परीक्षा एवं गोपनीय शाखा के भवन का सुधार करा फार्मेसी विभाग को सौंपा है। कुलपति प्रो. राजेन्द्र लाकपाले ने 16 जनवरी को फीता काटकर नए भवन में फार्मेसी विभाग का उद्घाटन किया था। अब विभाग की कक्षाएं इसी भवन में संचालित हो रही हैं।




एसजीजीयू के कुलपति के साथ विभाग के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी।

**पहली बार स्थापित हुआ लैब**

स्थापना के 25 साल बाद भी फार्मेसी विभाग के पास अपनी प्रयोगशाला नहीं थी। गिने चुने उपकरणों से विद्यार्थी प्रयोगशाला की गतिविधियों की खनापूर्ति करते थे। हर साल विवि को शक्षण शुल्क के रूप में मोटी रकम देने वाले फार्मेसी विभाग पर विवि के अधिकारियों ने कभी ध्यान नहीं दिया और विद्यार्थियों को डिग्री, डिप्लोमा बांटने की खानापूर्ति करते रहे। पहली बार विवि द्वारा फार्मेसी विभाग के लैब की स्थापना की गई है। लैब का संचालन विवि परिसर स्थित सेंट्रल बैंक के ऊपर की मंजिल में किया जा रहा है। लैब के लिए विवि द्वारा 7 लाख की मशीनें खरीदी गइर हें वहीं 5 लाख की अन्य मशीनें खरीदने की तैयारी की जा रही है। मशीनों के माध्यम से विभाग के प्रयोगशाला में दवाएं बनाने की प्रारंभिक तैयारियां, दवा बनाने में उपयोग किए गए रसायनों का परीक्षण, वनस्पतियों एवं रसायनों के औषधीय गुणों का परीक्षण, दवा की गुणवत्ता, उपयोग एवं कमियों की जांच व विश्लेषण किया जा सकेगा। नई मशीनें आने के बाद उच्चस्तरीय रिसर्च भी संभव हो सकेगा।

**नया भवन बनाने की तैयारी**

शासन द्वारा एसजीजीयू के विभिन्न भवनों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है लेकिन राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण वर्षों से निर्माण अटका पड़ा है। विवि के पास फार्मेसी विभाग के शिक्षण शुल्क का लगभग 5 करोड़ रूपए जमा है। विवि प्रबंधन द्वारा विभाग की राशि से भवन निर्माण की पहल प्रारंभ की गई है। इस संबंध में विवि प्रबंधन हाउसिंग बोर्ड के माध्यम से भवन निर्माण कराने के संबंध में चर्चा कर रहा है।

**नहीं होगी कोई समस्या**

फार्मेसी विभाग की जरूरतों के अनुसार पुराने प्रशासनिक भवन स्थित परीक्षा एवं गोपनीय शाखा भवन में सुविधाएं विकसित की गई है। विभाग के एवं पुस्कालय की भी स्थापना की गई है। अब विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को कोई असुविधा नहीं होगी।

-डॉ. एसपी त्रिपाठी
कुलसचिव, एसजीजीयू



## 77 वें गणतंत्र दिवस समारोह की अंतिम फुल ड्रेस रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- सांसद चिंतामणी महाराज होंगे मुख्य अतिथि
- मेधावी छात्र आयुष देवांगन ने निभाई मुख्य अतिथि की भूमिका

77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समारोह की अंतिम फुल ड्रेस रिहर्सल आज अग्रसेन मैदान में संपन्न हुई। रिहर्सल कार्यक्रम कलेक्टर एस जयवर्धन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति व निर्देशन में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र आयुष देवांगन ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। कलेक्टर एस. जयवर्धन द्वारा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। रिहर्सल के दौरान जिले के शासकीय एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस रिहर्सल कार्यक्रम में नर्सरी कक्षा की नन्ही छात्रा आरुषि के मनमोहक नृत्य ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कलेक्टर ने नन्ही कलाकार की खुले मंच से प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही विभिन्न टुकड़ियों द्वारा आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत कर अनुशासन एवं समर्पण का परिचय दिया गया। रिहर्सल कार्यक्रम को देखने बड़ी संख्या में नागरिक, विद्यार्थी तथा अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि 26 जनवरी को अग्रसेन स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में सांसद चिंतामणि महाराज मुख्य अतिथि होंगे। समारोह के दौरान प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा, जिसके पश्चात 11.30 बजे तक सांस्कृतिक एवं विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले आयुष देवांगन को मुख्य अतिथि की भूमिका में आमंत्रित किया गया, जो निश्चित रूप से अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा। 77 वें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर जिले के विकास को दर्शाती विभागीय झांकियां भी निकाली जाएंगी। साथ ही विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपियों को 5-5 वर्ष का सश्रम कारावास



**अम्बिकापुर।** लोन कार्ड बंद करने का झांसा देकर व्यक्ति से 5 लाख 99 हजार 5 सौ की ठगी करने के मामले में सप्तम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने सुनवाई करते हुए आरोपियों को 5-5 वर्ष का सश्रम कारावास तथा 3-3 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक विनोद कुमार दुबे ने बताया कि घटना कोतवाली क्षेत्र का है। जिसमें आरोपियों ने लोन कार्ड बंद कराने का झांसा देकर अखिलानंद राजवाड़े को फोन कर कहा लोन कार्ड बंद करना है जिस पर अखिलानंद सहमत हो गया। इस बीच आरोपी चंदन पंथी एवं विकास पासी द्वारा धोखाधड़ी कर उसके खाते से कई बार में कुल 5 लाख 99 हजार 5 सौ रुपए निकाल लिया। अखिलानंद ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 420, 34 व 66 डी के तहत अपराध दर्ज किया। आरोपी चंदन पंथी, विकास पासी को न्यायिक मजिस्ट्रेट आकांक्षा सक्सेना द्वारा प्रकरण में धारा 420, 34 व 66 डी के मामले में 19 जून 2024 को दोष मुक्त किया गया था। इसके उपरांत सत्र न्यायालय में शासन की ओर से अपील पेश किया गया। आरोपी चंदन एवं विकास द्वारा प्रार्थी अखिलानंद राजवाड़े से 5 लाख 99 हजार 5 सौ रुपए ठगी किए थे। जिसमें सप्तम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश महेश कुमार राज द्वारा अपीलार्थी विनोद कुमार दुबे शासन की ओर से पेश करने पर आरोपी को धारा 420 में 5-5 वर्ष का सश्रम कारावास और 3-3 लाख रुपए का अर्थदंड की राशि से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि को प्रार्थी अखिलानंद राजवाड़े को प्रदान करने आदेशित किया गया है।

## बलरामपुर-रामानुजगंज टू-लेन सड़क निर्माण में लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

- ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

बलरामपुर–रामानुजगंज मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग के अंतर्गत लगभग 90 करोड़ रुपये की लागत से 29 किलोमीटर लंबी टू-लेन सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण की शुरुआत से ही ठेकेदार की लापरवाही बरतने से क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

सड़क को आवागमन योग्य बनाए रखने के लिए गड्ढों को भरने में लापरवाही बरती जा रही है। पानी का छिड़काव नहीं किए जाने के कारण सड़क पर धूल के गुबार उड़ रहे हैं, जिससे प्रतिदिन राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क किनारे रहने वाले लोग धूल के कारण बीमार पड़ रहे हैं तो वहीं बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इन्हीं समस्याओं को लेकर जिला पंचायत के सभापति एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष बद्री यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जामवंतपुर में विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं होने और नियमित पानी का छिड़काव नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई। प्रदर्शन के दौरान बद्री यादव ने कहा कि जिस प्रकार से ठेकेदार द्वारा कार्य किया जा रहा है, वह बर्दाश्त करने योग्य नहीं है।



प्रतिदिन लोग परेशान हो रहे हैं और निर्माण कार्य में गुणवत्ता का भी कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ठेकेदार मनमानी तरीके से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा सड़क निर्माण के लिए पर्याप्त राशि का प्रावधान किया गया है और क्षेत्रवासियों को उम्मीद थी कि सड़क गुणवत्तापूर्ण बनेगी। लेकिन विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत से निर्माण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराई जाए, नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए तथा जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदार पर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

### राष्ट्रीय क्वांन की डो मार्शल आर्ट खिलाड़ियों ने जीते 12 मेडल

**अंबिकापुर।** 7वीं राष्ट्रीय स्तर क्वांन की डो मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ टीम ने भाग लिया। जम्मू कश्मीर इंडोर स्टेडियम में 16 से 18 जनवरी तक आयोजित प्रतियोगिता में सरगुजा के खिलाड़ियों ने 6 गोल्ड, 5 सिल्वर व 1 ब्रोंज मेडल जीता। जम्मू-कश्मीर क्वांन की डो संघ और क्वांन की डो फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से 62 खिलाड़ीयो ने भाग लिया और 8 खिलाड़ियों ने डबल इवेंट मे क्वांनस मे भी भाग लिया। छत्तीसगढ़ प्रदेश क्वान की डो संघ के महासचिव अमन गुप्ता ने बताया की इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 19 गोल्ड मेडल, 11 सिल्वर मेडल, और 19 ब्रोंज मेडल जीते। चैंपियनशिप में सरगुजा जिले से 15 बच्चों ने कोच अमन गुप्ता, पल्लवी, साकेत द्विवेदी, शशी प्रभा लकड़ा के साथ पार्टिसिपेट किया। स्पर्धा में केशव अग्रवाल, राघवी जयसवाल, पहल अग्रवाल, एंजल रोज खाखा, प्रगति सिंह पैंकरा, रौनिका तिग्गा ने गोल्ड मेडल, दिव्या राजवाड़े, विनीत राजवाड़े, संजना सूर्यवंशी, श्यामांश अग्रवाल, वाणी जायसवाल आदि बच्चों ने सिल्वर मेडल, सृष्टी साहू ने ब्रोंज मेडल जीता। संघ के कार्यकारणीय अध्यक्ष संजय अम्बष्ट, महासचिव व मुख्य कोच अमन गुप्ता, सावित्री तिवारी, पल्लवी, वसी ओवैसी, अंजली सिंह, मोहम्मद शराफत आदि कोच ने सभी खिलाड़ियों और टीम कोच और मैनेजर को बधाई दी।




हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## चोरी का कोयला व परिवहन में प्रयुक्त ट्रैक्टर सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के सख्त निर्देश थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। इसी कड़ी में गत दिन चौकी बसदेई पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि कुसमुसी तरफ से एक बिना नंबर के ट्रैक्टर में अवैध रूप से ग्राम रगदा का बेला राजवाड़े अपने ड्राईवर के साथ चोरी का पत्थर कोयला लोड कर रगदा की ओर आ रहा है। सूचना पर बसदेई पुलिस ने ग्राम रगदा में घेराबंदी कर ट्रैक्टर को रोकवाया जिसमें पत्थर कोयला लोड़ था, कोयला संबंधी दस्तावेज की मांग किए जाने पर ग्राम रगदा निवासी बेला राजवाड़े आ. राय ( 31 वर्ष) व संजय राजवाड़े आ. सरजू प्रसाद ( 24 वर्ष) द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। पत्थर कोयला चोरी का होने के अंदेशा पर धारा 35(1-घ)/303(2)के तहत कार्रवाई कर 10 हजार कीमत के 2 टन कोयला, परिवहन में प्रयुक्त ट्रैक्टर को जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि भास्करपारा ओपन कास्ट माइंस से कोयला चोरी कर बिक्री करने हेतु ला रहे थे। कार्रवाई में चौकी प्रभारी बसदेई योगेन्द्र जायसवाल, प्रधान आरक्षक महेन्द्र सिंह व अन्य पुलिसकर्मी सक्रिय रहे।



## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर रूपा यादव बनीं एक दिन की प्रधानपाठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर




राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला मिशन समन्वयक मनोज साहू के मार्गदर्शन में शासकीय माध्यमिक शाला पतरापाली में एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा आठवीं की छात्रा रूपा यादव को एक दिन के लिए विद्यालय का प्रधान पाठक बनाया गया।

कार्यक्रम अंतर्गत विद्यालय के प्रधान पाठक कृष्ण कुमार यादव ने औपचारिक रूप से रूपा यादव को विद्यालय के शैक्षणिक कार्यों एवं विभिन्न गतिविधियों के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारी की भावना का विकास करना रहा। एक दिन की प्रधानपाठक बनीं रूपा यादव ने विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था, कक्षाओं में संचालित शिक्षण कार्य, शौचालयों की स्थिति तथा पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई, अनुशासन और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही भृत्य एवं छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिसर स्वच्छ रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पेयजल की समस्या सामने आने पर रूपा यादव ने इसे गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर के नाम पत्र लिखकर जल व्यवस्था सुधारने की मांग की, जिससे विद्यार्थियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। उनका यह कदम उनके नेतृत्व कौशल और सामाजिक जिम्मेदारी को दर्शाता है। इस अवसर पर रूपा यादव ने कहा कि उनका सपना है कि वे भविष्य में शिक्षिका बनकर शिक्षा के क्षेत्र में पूरी ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करें। कार्यक्रम के संबंध में शिक्षक योगेश साहू ने बताया कि यह आयोजन केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि बालिकाओं और महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक सशक्त सामाजिक पहल है। शासन की मंशा है कि प्रत्येक बेटी को सुरक्षा, सम्मान और समान अवसर प्राप्त हों। ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित होती है और वे अपने दायित्वों को बेहतर ढंग से समझ पाते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के महेंद्र पटेल, कृष्ण कुमार यादव, अनीता सिंह, योगेश साहू, रघुनाथ जायसवाल, सरिता सिंह सहित समस्त विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### सहायक ग्रेड 3 पद पर लिखित परीक्षा 3 फरवरी को

**अम्बिकापुर।** जिला खनिज संस्थान न्यास द्वारा सहायक ग्रेड 3 (संविदा) के 02 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। अभ्यर्थियों से 16 से 31 दिसंबर 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों का परीक्षण चयन समिति द्वारा किए जाने के पश्चात 13 जनवरी के माध्यम से पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन कर 13 से 19 जनवरी तक दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई थी। प्राप्त दावा-आपत्तियों का जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा निराकरण उपरांत अंतिम पात्र-अपात्र सूची जारी की गई है। उक्त सूची का प्रकाशन जिले की आधिकारिक वेबसाइट तथा कार्यालय के सूचना पटल पर किया गया है। जिले के अपर कलेक्टर ने बताया कि इस हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन 3 फरवरी 2026 को दोपहर 12 बजे लाइवलीहुड कॉलेज अंबिकापुर में किया जाएगा। लिखित परीक्षा में केवल पात्र अभ्यर्थी ही सम्मिलित हो सकेंगे। पात्र अभ्यर्थियों को परीक्षा हेतु पृथक से कोई सूचना जारी नहीं की जाएगी। उन्होंने अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ समय से आधा घंटा पूर्व परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होने कहा है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com


06 फरवरी, 20 फरवरी,
13 मार्च,27 मार्च 2026
होटल, बस ,खाना, गाईड
राशि:- मात्र 6000/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411